डा० रत्नाकर पाण्डेय : 21 मई को श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा जो राजीव गांधी ट्रस्ट की अध्यक्ष हैं, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्मारक का शिलान्यास कराया जाए । तब हम अपनी कृतज्ञता राजीव गांधी के प्रति थोड़ी सी प्रकट कर सकेंगे । मैं विश्वास करता हूं कि सारे सदन की भावना को हृदयंगम करके आप सरकार को निर्देश देंगी कि उस राष्ट्रीय पूत को, जिसने अपने प्राणों की आहुति राष्ट्र की रक्षा के लिए दी, उसके लिए यह सब कराएंगे और अंत में मैं कहना चाहता हूं कि—

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,
वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा ।

इन शब्दों के साथ राजीव गांधी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के लिए 22 दिन में वार लेवल पर आप निर्देश दें कि सरकार काम करे और आतंकवादियों ने जो कुछ राजीव गांधी के साथ किया है, इसलिए 21 मई को आतंकवादी दिवस के रूप में सारे राष्ट्र में प्रार्थना की जाए कि आतंकवाद इस देश से समाप्त हो . . . (**व्यवधान**)

SHRI P. UPENDRA (Andhra Pradesh): Do they want to honour Rajiv Gandhi? What is this Pilot Day?

उपसभापति : पाण्डेय जी, कहीं गलती हो गई है आपसे । आतंकवादी दिवस तो मनाना ही नहीं चाहिए ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मैडम, मैं क्षमा मांगता हूं । अगर मेरी टंग स्लिप कर गया है तो मैं उसमें सुधार करता हूं । आतंकवादियों के विरोध में एंटी टैररिस्ट डे मनाया जाए . . (**व्यवधान**)

SHRI P. UPENDRA: Madam, do they want to honuor him or degrade him? What is this Pilot Day? . . . (*Interruptions*) . . .

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति जी, टाडा कानून का दुरुपयोग पंजाब सरकार की ओर से किया जा रहा है जिसकी ओर से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक जज हैं श्री अजित सिंह बेन्स . . . . . (**व्यवधान**)

SHRI P. UPENDRA: What is Pilot Day? I don't understand it. . . (*Interruptions*).

डा० रत्नाकर पाण्डेय : महोदया, आप कुछ कह देंगी तभी कुछ होगा । मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि आप इस ओर इनिशियेटिव लें . . . . . (**व्यवधान**)

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश): राजीव गांधी की स्मृति में 21 मई को . . (**व्यवधान**)

उपसभापति : आप बैठिए न सत्या बहिन, प्लीज़ बैठिए . . . . . (**व्यवधान**)

SHRI P. UPENDRA: It is degrading to an ex-Prime Minister. What is this observing a Pilot Day?

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: They will be devaluing Rajiv Gandhi's name . . . (*Interruptions*)

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Rajiv Gandhi was a Pilot but why should the death anniversary day of Rajiv Gandhi be declared by the Indian Airlines as Pilot Day? . . (*Interruptions*) . .

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Youth Day, Youth Day. . . . (*Interruptions*) . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mrs. Satya Bahin, please sit down. (*Interruptions*) Somebody is already on his legs. Mrs. Satya Bahin, I know you have been heart. At least I have heard you.

DR. BAPU KALDATE (Maharashtra): Every body has heard her

RE. ALLEGED MISUSE OF T.A.D.A. BY PUNJAB GOVERNMENT

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, टाडा का कानून केन्द्र सरकार ने पारित किया था । इसका दुरूपयोग पंजाब सरकार की ओर से किया जा रहा है, इसकी ओर मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

चाहता हूं । पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक जज हैं श्री अजीत सिंह बैन्स । उनको टाडा में गिरफ्तार किया गया है । जो खबरें आई हैं उनके अनुसार हरियाणा की पुलिस ने उनको हथकड़ी लगाई । उनके साथ दुर्व्यवहार किया । इसके बारे में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट और चंडीगढ के वकील और वहां की निचली अदालतों के लोग हड़ताल पर हैं । 6 अप्रैल से उनकी बराबर हड़ताल चल रही है । इसलिए मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी ने से निवेदन करना चाहता हूं कि टाडा का जो दुरुपयोग हो रहा है पजाब सरकार की ओर से उस तरफ यह ध्यान दें । कम से कम हाई कोर्ट के जज जो 20 साल रह चुके हैं उनको तो टाडा के फ़ंतर्गत हथकड़ी नहीं लगाई जानी चाहिए. . . .

उपसभापति : मिनिस्टर आफ स्टेट यहां पर बैठे हैं । यकीनन वह इस ओर ध्यान देंगे कि टाडा का दुरुपयोग न हो । . . . **(व्यवधान)**

Just a minute. I have allowed someone else.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Mr. Ajit Singh Bains, the Punjab and Haryana High Court Judge, was detained under the TADA, was handcuffed and was paraded in the streets. Therefore, I would like you to react because this is misuse of the TADA which is a Central Act. The entire bar is on strike there. Even the lower courts' advocates are on strike there. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: One second. This is a serious matter, please.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Malaviyaji knows that. (*Interruptions*) But we will get informatios, Madam.

श्री मंवरलाल पंवार (राजस्थान) : महोदया, राजस्थान सरकार भी टाडा का दुरुपयोग कर रही है । उसने माइनॉरिटी के 5 से 7 साल के बच्चों को पिछले 6 महीने से जेल में डाल रखा है । जयपुर में 10 हजार माइनॉरिटी क्लास के लोगों ने हड़ताल की इसके विरोध में । राजस्थान सरकार की भारतीय जनता पार्टी की सरकार टाडा का इस प्रकार से दुरुपयोग कर रही है । उसने वहां अत्याचार फैला रखा है । इसलिए टाडा एक्ट का सही उपयोग हो, इसकी तरफ केन्द्र सरकार ध्यान दे । पूरे देश में इसके खिलाफ लोग होते जा रहे हैं । आप इस ओर ध्यान दीजिए । राजस्थान में यह स्थिति बहुत गंभीर हो गई है ।

उपसभापति : मिनिस्टर साहब ने कहा है कि रहे इस ओर ध्यान देंगे । **(व्यवधान)**

RE. URDU NEWS BULLETIN

श्री मोहम्मद अफ़जल उर्फ मीम अफ़जल (उत्तर प्रदेश) : मैडम, मैं यहां जीरो अवर में:

†[شری محمد افضل عرف م- افضل
(اتر پردیش) : میڈم میں یہاں
زیرو اور پر میں . . . .]

उपसभापति : आप जीरो अवर न कहिए यहां कोई जीरो अवर नहीं है । There is no zero hour, I tell you. Please never ever mention that before me at least because to me everything starts with one. (*Interruptions*)

श्री मोहम्मद अफ़जल उर्फ मीम अफ़जल : आइ ऐम सौरी, मैंने जीरो अवर कह दिया । इसमें लोग खड़े हो कर जो बातें उठाते हैं उसमें अममन सरकार की बहुत सी पालिसीज की आलोचना भी की जाती है । बहुत बार ऐसा भी होता है कि हम लोग कुछ डिमांड करते हैं । लेकिन आज मैं आपके माध्यम से विजारत का शुक्रिया अदा करने के लिए खड़ा हुआ हू क्योंकि मैं समझता हूं कि आजाद हिन्दुस्तान में वजीरे इत्तलात और नश्रियात यानि आई. एंड बी. मिनिस्ट्री ने कोई बहुत पोजिटिव काम किया है ।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل :
آئی ایم سوری- میں نے زیرو اور
کہہ دیا - اس میں لوگ کھڑے ہوکر
جو باتیں اٹھاتے ہیں - اسمیں
عموماً سرکار کی بہت سی پالیسیز
کی آلوچنا بھی کی جاتی ہے -
بہت بار ایسا بھی ہوتا ہے کہ ہم

†[] Transliteration in Arabic Script.